सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-251, पृष्ठ : 12 | शनिवार, 22 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# परिसीमन पर दक्षिण विपक्ष एकजुट

## चेन्नई की बैठक में शामिल हुए कई बड़े नेता, ममता बनर्जी नहीं हुई शामिल



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने आज चेन्नई में परिसीमन पर संयुक्त कार्रवाई समिति यानी कि जेपीसी की बैठक से पहले कई प्रमुख विपक्षी नेताओं का स्वागत किया। इस बैठक में दक्षिण भारत देश भर की प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने हिस्सा लिया है। चर्चा से पहले स्टालिन ने केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और बीआरएस नेता केटी रामाराव का स्वागत किया। बता दें कि परिसीमन के मुद्दे पर मुख्य रूप से दक्षिण भारत के राज्य ही अपनी चिंताएं जाहिर कर रहे हैं।

बैठक में नहीं शामिल हुईं ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए बैठक में शामिल नहीं हुईं। हालांकि, सत्र के दौरान उनके समर्थन को व्यक्त करने वाला एक पत्र पढ़ा गया। बैठक में ओडिशा की बीजू जनता दल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। पवन कल्याण के नेतृत्व वाली आंध्र प्रदेश की एनडीए सहयोगी जन सेना पार्टी ने कोई प्रतिनिधि नहीं भेजा। सत्र की शुरूआत तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन द्वारा बैठक के महत्व पर सभा को संबोधित करने से हुई।

परिसीमन संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों को जनसंख्या परिवर्तन के अनुसार पुनः परिभाषित करने की प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में लगभग समान संख्या में लोग रहते हों। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो परिसीमन सीधे आकार से जुड़ा हुआ है। बड़ी आबादी वाले राज्यों को संसद में कम आबादी वाले राज्यों की तुलना में ज्यादा प्रतिनिधि मिलते हैं। दक्षिण के कई राज्यों की चिंता ये है कि उत्तर भारत के ज्यादा आबादी वाले राज्यों को परिसीमन में ज्यादा सीटें मिलेंगी जिससे संसद में उनका प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर 10 फीट खाई में गिरा ट्रक

**आजमगढ़।** जिले के पवई थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के 188 पॉइंट पर शनिवार की भोर में एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हरियाणा से बिहार जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया और 10 फीट गहरी खाई में जा गिरा। ट्रक में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की बोतलें भरी हुई थीं, जो संदेह के आधार पर अवैध मानी जा रही हैं। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक ट्रक में शराब की बोतलों को छिपाने के लिए चालाकी से मिट्टी से भरी बोरियां रखी गई थीं। ट्रक के आगे और पीछे मिट्टी की बोरियां थीं, जबकि बीच में शराब की बोतलें भरी हुई थीं।

## लव मैरिज के एक महीने बाद फंदे पर लटके मिले पति-पत्नी




**सीतापुर।** एक महीने लव मैरिज करने वाले दंपती के शव फंदे से लटके मिले। कमरे में फंदे पर लाशों को लटका देखा तो घरवालों की चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके साक्ष्य जुटाए। घरवालों से बात करके जानकारी ली। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना लहरपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला बेहटी की है। मध्य रात्रि आशीष पुत्र संजय चौरसिया (22 वर्ष) व उसकी पत्नी नैंशी वर्मा (20 वर्ष) ने एक ही दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। दोनों के शव कमरे की छत पर लगे कुंडे से लटकते मिले। कमरा अंदर से बंद था। सुबह दरवाजा न खुलने पर परिजनों को चिंता हुई। इस पर किसी तरह दरवाजा खोला। अंदर देखा तो दोनों फंदे पर लटके थे। परिजनों ने आनन फानन शवों को नीचे उतारा। इसकी सूचना पुलिस को दी।

## कुरुक्षेत्र में महायज्ञ में विवाद के बाद फायरिंग, एक को लगी गोली

**कुरुक्षेत्र।** केशव पार्क में चल रहे 1000 कुंडीय महायज्ञ में आज को खाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है



कि ब्राह्मणों को बासी खाना परोसने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसके बाद स्थिति बिगड़ गई। विवाद के दौरान एक सुरक्षाकर्मी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी। उन्हें गंभीर हालत में लोकनायक जयप्रकाश नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना से नाराज ब्राह्मणों ने महायज्ञ स्थल के बाहर कुरुक्षेत्र-कैथल रोड जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाई और जाम खुलवाने का प्रयास किया। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और स्थिति को नियंत्रण में रखने की कोशिश की जा रही है।



# तनिष्क लूट: अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़

## कुख्यात चुनमुन ढेर, तीन पुलिसकर्मी भी घायल



**अररिया।** नरपतगंज थाना क्षेत्र में पटना एसटीएफ, स्थानीय पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़ हुई है। इसमें नरपतगंज थानेदार, एसटीएफ के दो जवान समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो अपराधी को गोली लगी है। इसमें से एक अपराधी भागने में कामयाब हो रहा। वहीं दूसरे अपराधी (पलासी के मजलिसपुर निवासी चुनमुन झा) को तीन गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। लेकिन, इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। अस्पताल में पुलिसकर्मियों की भीड़ लगी है।

अपने गैंग के साथ छिपा था चुनमुन झा

बताया जा रहा है कि पटना एसटीएफ को सूचना मिली कि पूर्णिया में तनिष्क ज्वेलरी शॉप लूटकांड का आरोपी चुनमुन झा अपने गैंग के साथ नरपतगंज में छिपा हुआ है। इस पर एसटीएफ की टीम, स्थानीय पुलिस के सहयोग से, उसे पकड़ने के लिए थलहा नहर के पास पहुंची। जैसे ही पुलिस ने घेराबंदी की, अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। इस मुठभेड़ में चुनमुन झा को सीने और पैरों में गोली लगी, जिससे वह अचेत होकर गिर गया। वहीं एक और अपराधी को पर में गोली लगी है जो भागने में सफल रहा है। जबकि नरपतगंज थानेदार भी घायल हुए हैं। फिलहाल घायल चुनमुन झा को लेकर पुलिस अररिया सदर अस्पताल पहुंची लेकिन वहां इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

# नागपुर दंगों में एक मकान और 62 गाड़ियों को हुआ था नुकसान, मुआवजे का ऐलान




**नागपुर।** 17 मार्च को नागपुर क्षेत्र में हुए दंगों के बाद सरकार ने पंचनामा और मुआवजे की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पंचनामा रिपोर्ट के मुताबिक, दंगे में कुल 62 वाहनों को नुकसान हुआ था जिनमें 36 कारें, 22 दोपहिया वाहन, 2 क्रेन और 2 तीन पहिया वाहन शामिल हैं। इसके अलावा एक मकान को भी नुकसान पहुंचा था। महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और नागपुर के प्रभारी मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने पंचनामा शुरू करने का आदेश दिया था, जिसके बाद नागपुर के जिलाधिकारी ने इस प्रक्रिया को लागू किया।

नागपुर में जिला प्रशासन ने इसके साथ ही मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जिन लोगों के वाहनों का पूरी तरह से नुकसान हुआ है, उन्हें ?50,000 का मुआवजा मिलेगा। इसके अलावा जिन गाड़ियों को कम नुकसान हुआ है, उनके लिए ?10,000 का मुआवजा निर्धारित किया गया है। जो लोग बीमा का लाभ उठा चुके हैं, उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाएगा। दंगे के दौरान जिनकी संपत्तियों को नुकसान हुआ, उनके पंचनामा की प्रक्रिया अब शुरू की जा चुकी है। प्रशासनिक कर्मचारी और अधिकारी घर-घर जाकर नुकसान का आकलन कर रहे हैं और सभी का लेखा-जोखा तैयार कर रहे हैं।

बता दें कि नागपुर में हिंसा इस अफवाह के बाद फैली कि औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए एक दक्षिणपंथी संगठन द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान पवित्र आयत लिखी चादर जलाई गई थी। हिंसा के इस मामले में अब तक कुल 105 लोग पकड़े गए हैं। पुलिस के मुताबिक, नागपुर हिंसा के सिलसिले में 10 किशोर भी हिरासत में लिए गए हैं। बता दें कि हिंसा के दौरान उपद्रव स्तर के 3 अधिकारियों सहित 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने मुख्य आरोपी एवं माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी की शहर इकाई प्रमुख फहीम खान और 5 अन्य के खिलाफ राजद्रोह और सोशल मीडिया पर गलत सूचना फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया है।

## पिता की कब्र पर फातिहा पढ़ने आ सकते हैं अब्बास अंसारी



**नई दिल्ली।** मऊ विधायक अब्बास अंसारी को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद कासगंज जेल से अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया गया। उनकी रिहाई की खबर सुनते हुए शुभचिंतकों में खुशी दौड़ गई। अब हर जुबां पर यही चर्चा है कि वह अपने मरहूम मुख्तार अंसारी की पहली बरसी पर 28 मार्च को कालीबाग कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ने जरूर आएंगे। हालांकि परिवार के लोग इस बाबत कुछ नहीं बोल रहे हैं। मऊ से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और मरहूम गैंगस्टर मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को दो साल आठ महीने बाद शुक्रवार को कासगंज जेल से रिहा कर दिया गया। हालांकि इसके पहले पेरोल पर वह जेल से दो बार बाहर आ चुके हैं।

# सत्ता संरक्षण में चल रहा लूट का गिरोह: अखिलेश



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इन्वेस्ट यूपी में उगाही के मामले को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। इन्वेस्ट यूपी से लेकर थाने, तहसील तक फैले भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। सत्ता संरक्षण में वसूली और लूट का पूरा गिरोह चल रहा है। हर विभाग में लूट मची है। इस वसूली और भ्रष्टाचार में सरकार के कई अफसरों की भी साठगांठ है।

अखिलेश ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है। खुलेआम कमीशनखोरी चल रही है। जब वसूली का खुलासा हो गया तो निलंबन का नाटक रचा जा रहा है। इस भ्रष्टाचार का अंतिम पड़ाव अधिकारी नहीं, कोई और है। इस खेल में बड़े-बड़े शामिल हैं।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि जब बंटवारा सही नहीं हो पाता तो मामला उजागर होता है। भाजपा के नेता और पदाधिकारी स्वयं स्वीकार करते हैं कि उन्होंने इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा। भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से लेकर सड़कों के निर्माण कार्यों तक में हर जगह लूट हो रही है।

## महिला ने कुत्ते को एयरपोर्ट के बाथरूम में डुबाकर मार डाला

प्लेन में चढ़ने की नहीं मिली थी इजाजत

**ऑरलैंडो।** अमेरिका के फ्लोरिडा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। अधिकारियों ने बताया कि एक महिला ने फ्लोरिडा एयरपोर्ट के बाथरूम में अपने कुत्ते को डुबोकर मार दिया और फिर अपनी इंटरनेशनल फ्लाइट पर सवार हो गई। बता दें कि महिला को कागजी कार्रवाई के कारण अपने साथ सफेद रंग के श्नौजर नस्ल के कुत्ते को ले जाने से रोका गया था। महिला को बुधवार को लेक काउंटी में गंभीर पशु दुर्व्यवहार, थर्ड-डिग्री के अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाद में उसे 5000 अमेरिकी डॉलर की जमानत पर रिहा कर दिया गया। ऑरलैंडो पुलिस विभाग के एक गिरफ्तारी हलफनामे में कहा, ह्यह कृत्य जानबूझकर किया गया था और जानवर की दर्दनाक मौत हुई थी ह्न ऑनलाइन कोर्ट रिकॉर्ड में केनर, लुइसियाना की महिला के लिए कोई वकील सूचीबद्ध नहीं था। टायविन नामक 9 वर्षीय श्नौजर कुत्ते की मौत की जांच दिसंबर में शुरू हुई जब एक सफाईकर्मी को ऑरलैंडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बाथरूम स्टॉल में एक कूड़े के थैले में कुत्ते की लाश मिली थी। सफाईकर्मी ने पहले भी महिला को स्टॉल के फर्श से पानी और कुत्ते का खाना साफ करते देखा था। जांचकताओं ने बताया कि सफाईकर्मी को कहीं और सफाई के लिए जाना पड़ा और 20 मिनट बाद जब वह बाथरूम में वापस आई तो उसने कुत्ते को कूड़ेदान में पाया।

# इंडोनेशिया में 3 भारतीयों को मिल सकती है मौत की सजा



**सिंगापुर।** इंडोनेशिया में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में तीन भारतीय नागरिकों को मौत की सजा हो सकती है। एक मीडिया रिपोर्ट में शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी गई है। आरोपियों पर सिंगापुर के झंडे वाले जहाज से 106 किलोग्राम ह्यक्रिस्टल मेथह्न की तस्करी करने का आरोप है।

**तमिलनाडु के रहने वाले हैं तीनों**

पुलिस ने बताया कि राजू मुथुकुमारन (38), सेल्वदुरई दिनाकरन (34) और गोविंदसामी विमलकंधन (45) को जुलाई 2024 में इंडोनेशिया के करीमुन जिले के पोंगकर जल क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था। तीनों तमिलनाडु के निवासी हैं और सिंगापुर के शिपिंग (जहाजरानी) उद्योग में कार्यरत थे।

**जहाज से बरामद हुआ मादक पदार्थ**

अधिकारियों के अनुसार, इंडोनेशियाई अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर लेजेंड एक्वेरियस कार्गो जहाज को रोका था। जांच में इस जहाज से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ था। अदालत में सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष ने कहा कि जहाज के कप्तान की गवाही आवश्यक है, लेकिन वह केवल वर्चुअल रूप से पेश हुए जिससे जिरह नहीं हो सकी।

**15 अप्रैल को आ सकता है फैसला**

बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि इतने बड़े पैमाने पर मादक पदार्थ तस्करी कप्तान की जानकारी के बिना संभव नहीं। अभियोजन पक्ष ने आरोपियों के लिए 'मौत की सजा' की मांग की है। इंडोनेशियाई राष्ट्रीय नारकोटिक्स एजेंसी के प्रमुख मार्थिनस हुकॉम ने कहा कि तीनों भारतीय नागरिक ही मादक पदार्थों के मालिक हैं। इस मामले में फैसला 15 अप्रैल को आने की उम्मीद है।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

शनिवार, 22 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



### हाथरस में छात्राओं के यौन शोषण का मामला

## आरोपी प्रोफेसर के खिलाफ एक और मुकदमा हुआ दर्ज



एनएनआई

**हाथरस।** पीसी बागला महाविद्यालय में भूगोल विभाग के प्रोफेसर रजनीश कुमार के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। यह दूसरी शिकायत भी महिला आयोग को भेजी गई थी। पहला मुकदमा 13 मार्च को दर्ज हुआ था।

नई शिकायत में भी पीड़िता ने अपना नाम गुप्त रखते हुए कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का पता दिया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि प्रोफेसर रजनीश कुमार प्रतियोगी परीक्षा में पास कराने और नौकरी दिलाने का झांसा देकर छात्राओं का यौन शोषण करता था। यह शिकायत भी महिला आयोग को भेजी गई थी।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी प्रोफेसर ने कई छात्राओं के साथ दुष्कर्म किया। उनके अश्लील फोटो और वीडियो भी बनाए। इन्हें वेबसाइट पर अपलोड कर वायरल कर दिया गया। प्रोफेसर ये घटनाएं कॉलेज परिसर स्थित अपने कार्यालय और घर पर अंजाम देता था।

**गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है प्रोफेसर को...**

सामाजिक बदनामी के डर और आरोपी के भय से अभी तक कोई पीड़िता सामने नहीं आई है। प्रोफेसर को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस यौन शोषण की शिकार छात्राओं की पहचान कर रही है। इससे कोर्ट में मजबूत चार्जशीट पेश की जा सकेगी। पुलिस प्रोफेसर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालांकि अभी तक कोई छात्रा खुलकर सामने नहीं आई है।



### ब्रज में रंगनाथ भगवान खेल रहे होली

**मथुरा** एनएनआई। ब्रज में वसंत पंचमी से शुरू हुए होली महोत्सव का आज आखिरी दिन है। भगवान रंगनाथ होली खेल रहे हैं। कांच के विमान (रथ) में माता गोदा जी के साथ विराजमान होकर भगवान रंगनाथ की सवारी निकली है। ढोल-नगाड़ों पर भक्त झूम रहे हैं।

## पुलिस ने 2.47 करोड़ रुपये के जाली नोट पकड़े

एनएनआई

**अलीगढ़।** पुलिस ने गंगीरी क्षेत्र से जाली नोट (बच्चा बैंक के नोट) से ठगी करने व गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के चार सदस्य पकड़े हैं। आरोपियों में आगरा पीएसी का एक निलंबित सिपाही भी शामिल है, जिस पर जिले में कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों की कार से 2.47 करोड़ रुपये के 500 के जाली नोट, हथियार और गांजा बरामद हुआ है।

20 मार्च रात करीब ढाई बजे पुलिस को गंगीरी थाना क्षेत्र में गांव मलसई व बिलौना के बीच किया कार यूपी 24-एवाई 3434 संदिग्ध हालत में खड़ी दिखाई दी। टीम ने कार की तलाशी ली तो उसमें 500 के दो करोड़ 47 लाख रुपये की जाली करंसी (बच्चा बैंक के नोट), तीन तमंचे, कारतूस व साढे छह किलो गांजा बरामद हुआ।

कार में सवार आरोपी हसनैन



अली व सलीम निवासी ककराला थाना अल्हापुर जिला बदायूं, अतीक अहमद निवासी 27/11 मेन फर्स्ट क्रास दरगाही मस्जिद एमके डीके रोड, थाना मंडी जिला मैसूर कर्नाटक व आगरा पीएसी से निलंबित सिपाही मुकेश निवासी कोडरा थाना हरदुआगंज पकड़े गए।

पूछताछ में इन चारों ने बड़े खुलासे किए। आरोपियों में से निलंबित सिपाही मुकेश पर पहले से ही थाना खैर, महुआखेड़ा और हरदुआगंज में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। इसमें बलवा, धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी देने, गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे शामिल हैं। वह डेढ़ वर्ष से निलंबित है। अब उसकी बर्खास्तगी की भी प्रक्रिया विचाराधीन है। इस कार्रवाई में सीओ छर्रा महेश कुमार, एसओ सुमित गोस्वामी, एसआई सुनील त्रिपाठी, एसआई धरेंद्र सिंह की टीम शामिल रही। चारों को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

## नौकर ने दुकान मालिक की पत्नी से किया रेप



**हाथरस** एनएनआई। सदर कोतवाली क्षेत्र में एक बाजार में एक जनरल स्टोर के नौकर ने मालिक की पत्नी के साथ दुष्कर्म किया। घटना उस समय हुई जब दुकान मालिक नीचे दुकान पर था। आरोपी कर्मचारी दुकान के ऊपर स्थित मालिक के घर में गया और उसने वहां मालिक की पत्नी के साथ रेप किया।

पीड़िता के शोर मचाने पर दुकान मालिक और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया। सूचना मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस इसे पकड़कर कोतवाली सदर ले आई। पुलिस ने महिला का डाक्टरी परीक्षण भी कराया है। सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। थाना कोतवाली सदर में मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मथुरा में दारोगा ने वर्दी को किया शर्मसार......

एनएनआई

**मथुरा।** जनपद के थाना मगोर्रा में तैनात सब इंस्पेक्टर मोहित राणा ने खाकी को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया है थाने में तैनात दरोगा मोहित राणा

बुधवार की रात शराब के नशे में साथी महिला सब इंस्पेक्टर के कमरे में घुस गया और उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला दरोगा ने किसी तरह अपनी आबरू बचाई और एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने आरोपी दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि मगोर्रा थाने में तैनात दरोगा मोहित राणा ने महिला दरोगा को अपने मोबाइल पर कुछ वीडियो भी दिखाए। इसे देखकर महिला दरोगा काफी नाराज हो गईं। उन्होंने इसकी शिकायत एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय से की। मामला एसएसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने एएसपी त्रिगुण विषेन और सीओ गोवर्धन आलोक सिंह को मामले की जांच के आदेश दिए। प्रशिक्षु डीएसपी और थाना प्रभारी आलोक कुमार गुप्ता ने आरोपी एसआई मोहित दरोगा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। जैसे ही उन्होंने पूछताछ शुरू की तो दरोगा थाने से भाग गया। उसके पीछे प्रशिक्षु डीएसपी और पुलिसकर्मी भी भागे। आरोपी दरोगा सहकारी समिति की बाउंड्री फलांग कर उसके अंदर छिप गया। यहां से उसे पुलिस कर्मियों ने पकड़ लिया। बताया जाता है कि इससे पहले उसने अपना मोबाइल और स्मार्ट वॉच (घड़ी) तोड़ दी। पुलिस के काफी तलाशने के बाद घड़ी तो मिल गई, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। पुलिस दरोगा को पकड़कर थाने ले आई। इधर, एसपी देहात त्रिगुण विषेन और सीओ गोवर्धन आलोक सिंह भी थाने पहुंच गए। उन्होंने पहले पीड़िता से पूछताछ की। पीड़िता ने उन्हें अपने साथ हुए घटनाक्रम की जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने आरोपी दरोगा से पूछताछ की। दरोगा ने कुछ भी बोलने के तैयार नहीं हुआ। अधिकारियों ने उसकी वर्दी उतारकर उसे हवालात में बंद कर दिया। साथ ही उसके खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साथी महिला एसआई से छेड़छाड़ का आरोपी मोहित राणा मूल रूप से बुलंदशहर का रहने वाला है, वहीं मुजफ्फरनगर में भी उसका मकान है। वह पिछले लगभग सात माह से थाने में तैनात है। थाना स्टाफ में चर्चा है कि आरोपी दरोगा के मोबाइल में कुछ ऐसी वीडियो थे, जिससे कि वह मामले में बुरी तरह से फंस सकता था। इसलिए उसने सबसे पहले मोबाइल को तोड़कर फेंका। पुलिस मोबाइल की तलाश कर रही है। मोबाइल मिलने के बाद उसकी वीडियो को निकालने का प्रयास किया जाएगा ताकि आरोपी दरोगा के चरित्र के बारे में और जानकारी हो सके। पुलिस अधिकारियों ने मामला विभागीय होने के चलते पीड़िता को समझाने का काफी प्रयास किया। अधिकारियों का पूरा प्रयास रहा कि पीड़िता किसी तरह मान जाए और मामला लिखा पढ़ी तक न पहुंचे, लेकिन पीड़िता ने किसी की बात नहीं मानी और अपने फैसले पर अडिग रही। पीड़िता के अपने फैसले पर अड़े रहने के कारण ही अधिकारियों ने दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और उसकी गिरफ्तारी हुई। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि थाने में तैनात महिला दरोगा के कमरे में घुसकर दुष्कर्म करने के प्रयास का मामला सामने आया था। जांच के बाद आरोपी दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया





केला देवी पदयात्रा मार्ग का निरीक्षण कर, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, तैनात पुलिसकर्मियों को यात्रा के दौरान कानून/शान्ति व्यवस्था बनाए रखने व पैदल गस्त करने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए।

# अधिवक्ता के घर में लूट: आठ माह बाद पकड़ा गया बदमाश



एनएनआई

**आगरा।** पिछले साल 29 जुलाई को मदन मोहन गेट स्थित अधिवक्ता पीयूषकांत पाठक के घर में घुसकर बदमाशों ने उनकी पत्नी जयती पाठक और भाई नितिन को बंधक बनाकर लूटपाट की थी। घटना को उनके परिचित अर्जुन चाहर ने अंजाम दिया था। वह पुताई करने के बहाने घर में घुसा था। तभी से फरार था। पुलिस ने 25 हजार के इनामी अर्जुन को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है।

**घर की पुताई के बहाने घुसा था**

एसओ एमएम गेट ने बताया कि 29 जुलाई की दोपहर को अर्जुन अपने तीन साथियों के साथ घर में पुताई करने के बहाने घुसा था। अधिवक्ता की पत्नी को तमंचे की बट से घायल करने के बाद उनके भाई को भी बंधक बनाया था। बदमाश हजारों का माल लूट ले गए थे। पुलिस ने फरार अर्जुन चाहर पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

**ये सामान भी हुआ बरामद**

पुलिस टीम ने कागारौल के गहराकलां निवासी अर्जुन को नूरी दरवाजे से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से चोरी की बाइक, लूटा गया एक सिम कार्ड और एटीएम बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि वह लूटपाट के इरादे से ही वकील के घर में घुसा था। उसके अन्य साथियों की तलाश की जा रही है।

# जिस बेकाबू कार ने रौंदा...वो गैंगस्टर के जीजा की निकली

**आगरा** एनएनआई। सिकंदरा के गैलाना रोड पर होली पर 13 मार्च की रात को राहगीरों को रौंदने वाली गाड़ी गैंगस्टर आलोक यादव के जीजा शोभित यादव के नाम दर्ज है। हादसे में घायल लोकेश बघेल की मौत के बाद पुलिस ने केस को हत्या की धारा में तरमीम किया है। कार सवार छह लोग नामजद हैं। गैलाना निवासी गौरव सिंह ने 14 मार्च को सिकंदरा थाने में केस दर्ज कराया था, इसमें अंकित उर्फ डाके, शोभित यादव, छोटे उर्फ विजय, राहुल, अमित चौहान व गोपाल को नामजद किया है। बेकाबू कार के रौंदने से लोकेश बघेल, सनी, प्रीतम, माधव बघेल आदि घायल हुए थे। इलाज के दौरान लोकेश ने दम तोड़ दिया था। 19 मार्च को लोकेश की मौत के बाद हाईवे पर भीड़ ने शव रखकर दो घंटे तक जाम लगाया था। इंस्पेक्टर सिकंदरा ने बताया कि लापरवाही पर विवेचक अशोक सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस को पता चला है कि गाड़ी मालिक शोभित यादव गैंगस्टर आलोक यादव का जीजा है। आलोक यादव गैंग ने जुलाई 2023 में हाईवे पर एक रात में डकैती की तीन वारदातों को अंजाम दिया था।

# डेयरी फार्म में फंदे से लटका मिला युवक

एनएनआई

**आगरा।** सदर थाना क्षेत्र के नंदपुरा स्थित डेयरी फार्म में 22 वर्षीय एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोपालपुरा निवासी मंगल सिंह चालक है। उनका 22 वर्षीय बेटा सूरज जूता कारीगर था। शनिवार सुबह सूरज का शव लोगो ने पेड़ पर फंदे से लटका देखा। आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। जानकारी पर बड़ी संख्या में लोगों के साथ परिजन पहुंच गए। उन्होंने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

मृतक के पिता मंगल सिंह ने हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सूरज जूते की फैक्ट्री में काम करता था। रात को सूरज घर से लापता था। एसीपी विनायक भौसले मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया सुसाइड का केस लग रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।





# अवैध कॉलोनी पर एडीए ने चलाया बुलडोजर

एनएनआई

**आगरा।** रुनकता के रेणुका धाम में शनिदेव मंदिर रोड पर पंकज गोयल ने 5000 वर्ग गज में अवैध कॉलोनी बनाकर प्लॉट काटने शुरू कर दिए। सड़क और गेट का निर्माण कर लिया। आगरा विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को अवैध कॉलोनी पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण के इंजीनियरों ने दयालबाग की तक्षशिला कॉलोनी में मकान नंबर 49 पर लगे मोबाइल टावर और बाईंपुर रोड पर शिवाकुंज कॉलोनी में डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह के अवैध निर्माण को सील किया। प्रवर्तन टीम ने ताजगंज वार्ड में शमसाबाद रोड के पीछे ब्लॉक भवन में विनोद अग्रवाल के 10 कमरों का अवैध निर्माण सील किया। लोगों से अपील की है कि प्लॉट खरीदते समय कॉलोनाइजर से दस्तावेज जरूर ले लें। मानचित्र पास है या नहीं, मानचित्र पास नहीं है तो ऐसी जगह प्लॉट न खरीदें। अवैध निर्माणों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। अवैध निर्माणों या अवैध कालोनियों के विरुद्ध प्राधिकरण स्तर से किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जायेगी।



## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

– प्रबंधक विज्ञापन

# 'साहब! हमारी डीएम साहब से वार्ता कराओ'

एनएनआई

**एत्मादपुर (आगरा)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फिक्रमंद हैं। महाकुंभ प्रयागराज में 22 जनवरी को प्रदेश कैबिनेट सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देने का प्रस्ताव अनुमोदित कर चुकी है। देनदार आगरा विकास प्राधिकरण भी बोर्ड बैठक में कर्ज लेकर अनुग्रह राशि बांटने पर मुहर लगा चुका है। आखिर फिर क्या पर्दे के पीछे चल रहा है, जो किसान बार बार असंतोष जता रहे हैं। जिला प्रशासन इस सवाल का जवाब खोज रहा है। शुक्रवार को किसानों से वार्ता को पहुंचे अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल प्रशांत तिवारी के सामने किसानों ने सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा लेने पर एक बार फिर असहमति जता दी और जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी से वार्ता की मांग रख दी। रायपुर के गढ़ी संपत्ति गांव में मुआवजा वितरण को लेकर किसानों से वार्ता करने के लिए पहुंचे एडीएम प्रोटोकॉल ने बताया कि उन्हें जल्द सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा मिलने वाला है। मुआवजा वितरण में किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। अगर कोई अधिकारी और कर्मचारी किसानों के साथ कोई भी गलत व्यवहार करता है तो उसके खिलाफ शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सरकारी प्राथमिक विद्यालय परिसर में एकत्रित हुए क्षेत्रीय भू-अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने एडीएम के सामने अपना पक्ष भी रखा और शर्तों के संग मांगें भी बताईं। संघर्ष समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ किसान कपूरचंद्र सिकरवार की अध्यक्षता में बैठक में जुटे किसानों के असंतोष जताने पर उनकी मांग पर अगले सप्ताह जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी के साथ वार्ता कराने का आश्वासन दिया गया। गौरतलब है कि आगरा विकास प्राधिकरण के इनर रिंग रोड और लैंड पार्सल (ग्रेटर आगरा) के लिए रहनकलां-रायपुर मौजा क्षेत्र के प्रभावित सैकड़ों किसानों को वर्ष 2009-2010 में उनकी 442.44 हेक्टेयर अधिग्रहित की गई जमीन का 15 साल बाद अभी तक मुआवजा नहीं बंटा है। जमीन छिनने के बाद से आर्थिक तंगी से जूझ रहे सैकड़ों किसान परिवारों की होली पर भी मुआवजा की आस पूरी नहीं हुई। कैबिनेट ने किसानों को जमीन वापस करने के बजाए उन्हें सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। एडीएम प्रोटोकॉल के संग हुई बैठक में किसान नत्थू सिंह काका, उपेंद्र सिंह सिकरवार, प्रदीप कुमार शर्मा, रामनिवास, ओमप्रकाश, भूरी सिंह, अतर सिंह, महेंद्र सिंह, राम अवतार, रमेश चंद्र फौजी आदि मौजूद थे।



सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

शनिवार, 22 मार्च, 2025 www.nnindianews.com




# इन्वर्टर तकनीक से हर साल 1.6 करोड़ रुपये की होगी बचत

### देश में पहली बार आगरा मेट्रो में इन्वर्टर तकनीक का प्रयोग

एनएनआई

**आगरा।** आगरा मेट्रो रेल परियोजना भारत की पहली डीसी ट्रैक्शन सिस्टम (थर्ड रेल प्रणाली) है, जहां इन्वर्टर तकनीक का प्रयोग किया है। इस तकनीक के जरिए रिजेनरेटिव तकनीक से उत्पादित ऊर्जा को पुनः ट्रेक्शन के लिए प्रयोग किया जा रहा है। इसके लिए कैप्टन शुभम गुप्ता मेट्रो स्टेशन के ट्रैक्शन सबस्टेशन में एक विशेष इन्वर्टर सिस्टम का संचालन किया जा रहा है। इन्वर्टर सिस्टम ट्रेन की ब्रेकिंग के माध्यम से पुनर्जीवित 750 वी डायरेक्ट करंट (डीसी) पावर को अल्टरनेटिंग करंट (33 केवी एसी) में परिवर्तित करता है और इसे पुनः उपयोग के लिए मेट्रो सिस्टम में भेज देता है। भारत में डीसी ट्रैक्शन सिस्टम (थर्ड रेल प्रणाली) पर आधारित किसी अन्य



मेट्रो परियोजना ने ऊर्जा संरक्षण के लिए इस प्रकार की व्यवस्था नहीं की है। पारंपरिक तौर पर रिजेनरेटिव तकनीक से उत्पादित ऊर्जा को ट्रेन के विभिन्न सिस्टम (लाइट, डिस्प्ले आदि) के लिए किया जाता है। लेकिन आगरा मेट्रो में इन्वर्टर तकनीक के जरिए इस ऊर्जा का पुनः ट्रेन संचालन में किया जा रहा है। बता दें कि इन्वर्टर सिस्टम की कमीशनिंग कार्य दिसंबर 2023 में यूपीएमआरसी द्वारा एल एंड टी और ओईएम प्रतिनिधियों के साथ किया गया था।

इन्वर्टर प्रणाली पिछले एक साल से यानि मार्च 2024 से लगातार सेवा में है। प्रायोरिटी कॉरिडोर में इन्वर्टर तकनीक से लगभग 670 मेगावाट ऊर्जा कैप्चर की गई है, जिससे यूपीएमआरसी को 48.8 लाख रुपये की बचत हुई है।

इस तकनीक की सहायता से यूपी मेट्रो ने केवल पैसों की बचत की है बल्कि ऊर्जा का संचयन भी किया है, जो ऐसी प्रणाली स्थापित न होने पर बर्बाद हो जाती। आगरा मेट्रो के पूरे कॉरिडोर-1 और कॉरिडोर-2 में कुल 4 ऐसे इन्वर्टर सिस्टम लगाने की योजना है। आगरा मेट्रो परियोजना के सभी 4 इन्वर्टर सिस्टम के चालू होने के बाद, इस प्रणाली के माध्यम से यूपीएमआरसी को प्रति वर्ष 1.6 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है।

# अतिक्रमण हटाने पर नगर निगम टीम और दुकानदारों में तकरार

एनएनआई




**आगरा।** नगर निगम की प्रवर्तन टीम और राजामंडी बाजार के दुकानदारों के बीच तीखी झड़प हुई। दुकानों के बाहर रखे सामान को हटाने और एक गाड़ी में भरने के विरोध में दुकानदार एकजुट हो गए। व्यापारियों ने बाद में आम सहमति बनाई कि दुकानों के आगे की गैलरी से सामान हटा दिया जाएगा। गणगौर पर सिद्ध दरियानाथ पीठ पर 25-26 मार्च को होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर नगर निगम प्रवर्तन दल, प्रभारी प्रवर्तन डा. अजय सिंह के नेतृत्व में राजामंडी बाजार से अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंचा।

नगर निगम टीम ने जैसे ही कार्रवाई शुरू की। सभी कारोबारी विरोध करने लगे। प्रवर्तन टीम ने दुकानों के बाहर रखे सामान को एक खुले ट्रक में भरवा दिया। इसी बात पर दुकानदार नाराज हो गए। बहुत देर तक दोनों पक्षों में बहस होती रही। काफी समय तक गतिरोध के बाद पीठ के महंत, कार्यक्रम आयोजन को लेकर गोरखपुर से आये संपूर्णानंद महाराज, कारोबारियों और नगर निगम अधिकारियों के बीच मंदिर परिसर में बैठक हुई। जिसमें मुख्यमंत्री के आगमन के मद्देनजर सभी कारोबारी दुकानों के आगे गैलरी में व्यावसायिक गतिविधि न करने को तैयार हो गये। नगर निगम की प्रवर्तन टीम को वापस भेजा गया।

# स्नातक की ओएमआर शीट पर, परास्नातक की होगी लिखित परीक्षा

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के सम सेमेस्टर एग्जाम में स्नातक के छात्रों को ओएमआर और परास्नातक के छात्रों को लिखित परीक्षा देनी होगी। यह फैसला विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति ने लिया। तय किया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित बीएससी, बीए, बीकॉम के एग्जाम ओएमआर शीट पर और एमए, एमएससी, एमकॉम के एग्जाम लिखित मोड में कराई जाएगी।

विषम सेमेस्टर की परीक्षा भी इसी प्रारूप पर कराई गई थी। बैठक में 2024-25 सत्र के प्रेक्टिकल कराने के लिए चार सदस्यीय केंद्रीय समिति का गठन किया।

इसमें औटा अध्यक्ष डॉ. पुष्पेंद्र सिंह, औटा महासचिव डॉ. संजय कुमार मिश्रा, विश्वविद्यालय कंप्यूटर सेंटर हेड प्रो. अनिल गुप्ता और संबंधित संकाय के डीन शामिल होंगे। इसके अलावा, रिसर्च प्रोजेक्ट के मूल्यांकन के पारिश्रमिक और स्थानीय भत्ते की दरों के पुनरीक्षण के लिए प्राचार्य केआर कॉलेज मथुरा के प्रो. प्रवीण अग्रवाल और औटा महासचिव प्रो. संजय मिश्रा की समिति गठित की गई है। उनकी



रिपोर्ट आगामी वित्त समिति की बैठक में प्रस्तुत की जाएगी। बैठक में प्रति कुलपति प्रो. अजय तनेजा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश, प्रो. एसके जैन और प्रो. प्रदीप मौजूद रहे।

औटा लंबे समय से ओएमआर पैटर्न पर एग्जाम कराने का विरोध करता रहा है। इसके बाद भी इस बैठक में औटा अध्यक्ष और महामंत्री की उपस्थिति में ही ओएमआर पैटर्न पर एग्जाम कराने की सहमति बनी। इससे पहले विरोध के बाद लिखित सहमति बनी थी कि सम सेमेस्टर की परीक्षाएं लिखित प्रारूप में कराई जाएंगी। सहमति पत्र भी तैयार किया गया था। अब परीक्षा समिति द्वारा ओएमआर पर परीक्षा कराने का निर्णय लिए जाने से यह सहमति पत्र सवालों के घेरे में आ गया है।

# 25 को निशानयात्रा, 26 को श्याम नाम की लगेगी मेहंदी

- श्री श्याम धणी सेवक मण्डल के आमंत्रण पत्र का हुआ विमोचन

एनएनआई

**आगरा।** श्री श्याम धणी सेवक मंडल के तृतीय वार्षिक उत्सव पर खाटूश्याम मंदिर में भक्ति की रसधार बहेगी। रमणीक श्रृंगार में विराजमान खाटू श्याम बाबा के दर्शन के लिए भक्तों का हुजूम उमड़ेगा। शुक्रवार को जीवनी मंडी स्थित खाटू श्याम मंदिर पर श्रीश्याम संकीर्तन महोत्सव के आमंत्रण-पत्र का विमोचन मंडल के पदाधिकारियों ने किया। अध्यक्ष



चंद्र मोहन गोयल ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। 25 मार्च को बाबा श्याम की निशान यात्रा निकाली जाएगी जिसमें नेपाल से महामंडलेश्वर 1008 ईश्वर चैतन्य दास महाराज पधारेंगे। 26 को राजा मंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महिलाएं बाबा श्याम के नाम की मेहंदी लगाएगी।

उपाध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने बताया कि 28 को श्याम बाबा का भव्य दरबार के साथ अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग, पुष्प और इत्र वर्षा की जाएगी। संकीर्तन में दिल्ली से आकाश अरोरा और सोनम समता से पहले स्थानीय भजन गायक विकास वर्मा और अनूप गोयल श्याम बाबा को रिझाएंगे। आगरा के नन्हे भजन गायक कुशाग्र वर्मा भी हजारी लगाएंगे। इस अवसर पर शंभू नाथ चौबे, एडवोकेट नितिन वर्मा, सुनील बाबू वर्मा, राहुल जिंदल, रोहित गोला, गौरव शर्मा, आशीष उपाध्याय, रजत चौहान, सुमन, लता, पूनम, अनीता, कविता, गीता, मीरा आदि मौजूद रहे।

# कैला देवी के पदयात्रियों के लिए पांच दिवसीय भंडारा शुरू

एनएनआई

**आगरा।** महुअर (किरावली) पर करौली स्थित कैदी देवी की पदयात्रा करने वाले भक्तों के लिए 21 से 24 मार्च तक पांच दिवसीय 20वां विशाल पदयात्री भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

कैला देवी मंदिर के सेवक राहुल गोला ने बताया कि चैत्र नवरात्र का शुभारंभ 30 मार्च से हो रहा हैं। इस दौरान राजस्थान के करौली स्थित कैला देवी के दर्शनों को हजारों श्रद्धालु 200 किलोमीटर की पदयात्रा करतें हैं। पदयात्रियों की सुविधा के लिए जगह-जगह पेयजल एवं भंडारे की व्यवस्था की जाती हैं । इसी तरह ग्राम महुअर स्थित कैला देवी मंदिर पर माता की झांकी एवं पदयात्रियों के लिए 20वां भंडारे का आयोजन किया गया हैं। भंडारा 21 से 25 मार्च तक अनवरत संचालित होगा। भक्तों के लिये आराम की सुविधा ,पेयजल एवं औषधियों की सुविधा भी उपलब्ध रहेंगी।



# प्रसव में अधिक रक्तस्त्राव में अब नहीं निकालना होगा गर्भाशय

## 36वां यूपीकॉन 2025: 280 शोधपत्र किए जाएंगे प्रस्तुत

एनएनआई

**आगरा।** प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्त्राव (पीपीएच) से एक लाख में 90 महिलाओं की मौत हो जाती है। ऐसे मामलों में प्रसूता की जान बचाने के लिए गर्भाशय निकालना पड़ता है, लेकिन अब ऐसी कई तकनीकें (बच्चेदानी में टांके लगाना, बैलून) मौजूद हैं। जिससे गर्भाशय को बचाया जा सकता है। अहमदाबाद के डॉ. महेश गुप्ता ने भारत सरकार में पैटेंट अपनी (कोमोक-एमजी) तकनीक पर व्याख्यान के दौरान बताया कि इस तकनीक से गर्भाशय निकाले बिना शत प्रतिशत महिला की जान को बचाया जा सकता है। इसके लिए डॉ. महेश देश-विदेश में डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने का काम भी कर रहे हैं।

एसएन मेडिकल कॉलेज के स्त्री व प्रसूति रोग विभाग व एओजीएस द्वारा होटल डबल ट्री बाई हिल्टन में आयोजित 36वां यूपीकॉन 2025 कार्यशाला में वर्कशॉप के उद्घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह व सचिव डॉ. रिचा सिंह ने दुपट्टा पहनाकर किया। पद्मश्री डॉ. उषा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। मंच पर डॉ. नरेन्द्र मल्होत्रा, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, डॉ. शीला माना, डॉ. शशिलता काबरा, डॉ. सोमिया मलिक, डॉ. स्मिता मनचंदा, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. सीके गर्ग, डॉ. नवनीत मगन, डॉ. मोइद, डॉ. नीरज जादव, डॉ. बी कल्पना मुख्य रूप से मौजूद थीं। वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने डमी पर प्रजनन, बांझपन, कॉस्मेटिक एंड स्थेटिक गाइनी, अट्रासाउंड, पीपीएच, क्रिटिकल केयर जैसे विषयों का अभ्यास कराया। रवि वुमन हॉस्पिटल में एंडोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में आयोजन समिति की डॉ. शिखा सिंह, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. आरती मनोज, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. अनुपम गुप्ता, डॉ. सुषमा गुप्ता, डॉ. पूनम यादव, डॉ. निहारिका मल्होत्रा, डॉ. रत्ना शर्मा, डॉ. हेमा सडाना, डॉ. मनीषा गुप्ता, डॉ. नीलम रावत, डॉ. मोहिता पैंगोरिया, डॉ. मीनल जैन, डॉ. उर्वशी, डॉ. अनु पाठक, डॉ. अभिलाषा यादव, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, डॉ. रत्ना शर्मा, डॉ. सविता त्यागी, डॉ. कीर्ति दुबे, भारती माहेश्वरी आदि उपस्थित थीं।




### बांझपन की बढ़ रही समस्या

दिल्ली से आईं डॉ. सोनिया मलिक ने बताया कि 15 साल में बांझपन की समस्या तेजी से बढ़ी है। इसका अधिक उम्र में शादी है। अब बच्चे न होने पर औसत 38 की आयु की महिलाएं डॉक्टरों के पास पहुंच रही हैं। उम्र बढ़ने पर अंडाणु का भंडार बहुत कम हो जाता है। इसलिए गर्भधारण में समस्या आती है। इसी तरह से पुरुषों में भी समस्या बढ़ी है। इसके साथ ही खान पान, तनाव और प्रदूषण से भी प्रजनन दर में कमी आ रही है। 20 से 30 वर्ष की आयु में महिलाओं में अंडाणु की मात्रा अच्छी होती है यही उम्र होती है गर्भधारण की, लेकिन शादी ही अब 30 साल के बाद हो रही है।

### सिर में डाई लगाने से भी बांझपन की समस्या

आगरा। बैंगलूरू से आईं डॉ. शीला माने ने बताया कि सिर में डाई लगाने, कास्मेटिक का अत्यधिक इस्तेमाल करने से भी महिलाओं के अंडाणु पर असर पड़ रहा है और इसके कारण भी बांझपन की समस्या बढ़ी है। अब तक चार लाख से अधिक नसबंदी कर चुकी पद्मश्री डॉ. उषा शर्मा ने कहा कि हमें महिला स्वास्थ के साथ जनसंख्या नियंत्रण पर भी ध्यान देना होगा। भारत में विकास हो रहा है, परन्तु अनियंत्रित जनसंख्या के कारण वह प्रभावशाली नहीं हो पाता। कार्यशाला का उद्घाटन 22 मार्च को सुबह 11.30 बजे मुख्य अतिथि डॉ. सुनीता तेंदुलवाडकर व विशिष्ठ अतिथि एसएन मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. प्रशान्त गुप्ता ने किया।

# ताज उत्सव में 10 राज्यों से जुटेंगे कला संस्कृति एवं साहित्य साधक



एनएनआई

**आगरा।** नटरांजलि थियेटर आर्ट्स की ओर से आयोजित कला संस्कृति और साहित्य का महा संगम ताज उत्सव में 24-25 मार्च को यूथ हॉस्टल, संजय प्लेस में देश के जुटेंगे। विशेष प्रतिभा प्रदर्शन के साथ ही नृत्य, नाट्य, संगीत, कला, कविता पाठ, बुक प्रदर्शनी एवं साहित्यिक चर्चा-परिचर्चा से मंच सजेगा। स्थानीय कलाकारों को भी राष्ट्रीय कलाकारों के मध्य अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी।कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक होगा।

उपरोक्त आयोजन के आमंत्रण पत्र का विमोचन संजय प्लेस स्थित इंडिया राइजिंग पार्क में किया गया। इस अवसर पर लालाराम तैनगुरिया, नितिन जौहरी, रोहित कत्याल, चंद्रवीर फौजदार, ब्रजेश पंडित, गौरव शर्मा, फिल्म मेकर बॉबी राजपूत, अभिनेता कृष्णा लाल यादव, रितु गोयल, विनीता सिंह, चेतन पाठक, राजदीप ग्रोवर एवं आयोजक अलका सिंह शर्मा उपस्थित रहे ।

अलका सिंह शर्मा ने बताया कि यह दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव में सैकड़ों कलाकार वसुधैव कुटुंबकम का परिचय देंगे। कार्यक्रम के मार्गदर्शक हैं संस्कृति संवर्धक डॉ. विजय किशोर बंसल। ताज लिटरेचर क्लब, फ्रैंक एडवरटाइजर्स, क्लब कराओके, इंडिया राइजिंग, भारतोदय, कैट, तपन ग्रुप, गौ सेवा संकल्प ग्रुप, रानी पद्मावती महिला मंच, संकल्प सेवा संस्था, माधुर्य एवं डी मीडिया आदि ताज उत्सव की सहयोगी संस्थाएं हैं।

# होली के गीतों पर की मस्ती, उड़ाया गुलाल

## वात्सल्य सेवा समिति ने मनाया होली मिलन समारोह



एनएनआई

**आगरा।** वात्सल्य सेवा समिति अवधपुरी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम वात्सल्य सेवा समिति की सदस्य पुष्पा जैन के निवास स्थान 207बी पुष्पांजलि नगर फेस-3 अवधपुरी कॉलोनी में आयोजित किया गया। शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ। कार्यक्रम की संयोजिका ने महिलाओं का चंदन लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों में अद्भुत एवं अभूतपूर्ण उत्साह था जो कि देखते ही बनता था। इसके बाद सभी सदस्यों ने एक दूसरे को चंदन लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने होली के गीतों पर नृत्य किया। इस मौके पर रश्मि जैन, उपासना जैन, रिंकी जैन, कविता जैन, पुष्पा जैन, रेनू जैन, रतिभा जैन, रागिनी जैन, बीना जैन, मोना जैन, बबिता जैन, मानवी जैन, रेखा जैन, सेतु जैन समस्त सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

# खुशहाल जीवन जीने के गुर सिखाएंगी बीके शिवानी

## सूरसदन में भाग्य की कलम आपके हाथ विषय पर होगा व्याख्यान



- रोटरी क्लब आगरा ग्रेस और गैलरी ऑफ स्पिरिचुअल लव एंड विसडम करा रहा आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** रोटरी क्लब आगरा ग्रेस और गैलरी ऑफ स्पिरिचुअल लव एंड विसडम (ब्रह्मा कुमारी) की ओर से सूरसदन में ब्रह्मा कुमारी सिस्टर बीके शिवानी आध्यात्मिक व्याख्यान से शहर को अनुग्रहित करेंगी। शुक्रवार को आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम के आमंत्रण-पत्र का विमोचन किया। संस्थापक अध्यक्ष डॉ. जयदीप मल्होत्रा और सचिव आशु मित्तल ने बताया कि सूरसदन प्रेक्षागृह में 27 मार्च को शाम छह से आठ बजे तक बीके शिवानी 'भाग्य की कलम आपके हाथ में है' विषय पर लोगों को तनाव मुक्त और खुशहाल जीवन जीने के गुर सिखाएंगी।

अध्यक्ष रूचि अग्रवाल और सचिव डॉ. नीतू चौधरी ने बताया कि प्रवेश निःशुल्क है, लेकिन व्यस्थित व्यवस्था के लिए पास अनिवार्य किया गया है।

शिवानी दीदी के ओजस्वी वाणी व तार्किक विचार शक्ति भरे वक्तव्य को सुनने के लिए रोटरी क्लब ऑफ आगरा ग्रेस के कार्यालय और ब्रह्माकुमारी केंद्रों से पास प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का प्रवेश निषेध किया गया है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गरिमा मंगल, डॉ. नीलम मेहरोत्रा, साधना भार्गव, ब्रह्मा कुमारी से रमा, मधु, दर्शना, ममता, संगीता, वंदना, योगेश आदि मौजूद रही।

### 40 लाख से अधिक है फॉलोअर

ब्रह्मा कुमारी शिवानी बहन के घर-घर की दीदी बन चुकी हैं। उनके देश-विदेशों में भी व्याख्यान सुनने वालों की संख्या 40 लाख से अधिक है। वे विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय आध्यात्मिक वक्ताओं में से एक हैं। कई देशों में मानवता की सेवा कर चुकी हैं।

# प्राचीन गणगौर मेला 31 मार्च से

## डीएम ने विधान परिषद सदस्य के साथ देखीं गोकुलपुरा में व्यवस्थाएं

एनएनआई



**आगरा।** विधानपरिषद सदस्य विजय शिवहरे और जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने शुक्रवार को प्रशासनिक दल के साथ गोकुलपुरा क्षेत्र का दौरा किया और क्षेत्र में लगने वाले ऐतिहासिक गणगौर मेले के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने गणगौर मेला स्थल पर प्राचीन बिहारी जी मंदिर के दर्शन भी किए।

मुख्य पुजारी ने पटका पहनाकर स्वागत किया तथा मंदिर तथा गोकुलपुरा क्षेत्र के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी दी। क्षेत्रीय जनता तथा पार्षद द्वारा बताया गया कि गणगौर मेला व मंदिर दो सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन है जिसमें फूल डोले, झांकियां उठती हैं तथा भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, मेला 31 मार्च से 01 अप्रैल तक आयोजित होगा।

क्षेत्रीय लोगों ने मेले के भव्य, सकुशल संपन्न किए जाने हेतु गलियों की मरम्मत, डोले व झांकी भ्रमण मार्ग में अनियोजित बेतरतीब डिस केबल तारों को हटाने. पेयजल सप्लाई के पाइपलाइन तथा सड़क मरम्मत, टोरंट के बॉक्स का समायोजन, मेले के समय निर्बाध विद्युत तथा जलापूर्ति किए जाने की बात रखी।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अनाधिकृत बोर्ड, अतिक्रमण हटाने, अनियोजित, बेतरतीब डिश केबल तारों को समायोजित करने, मेले हेतु विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारीगण को निर्देशित किया, मेला कमेटी द्वारा प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध कराने को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सुरेंद्र यादव, जीएम जलकल अरुणेंद्र राजपूत, टोरेंट से भूपेंद्र सिंह, पार्षद प्रतिनिधि राजेश प्रजापति सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# दीवानी में बुजुर्ग वादकारी को आया हार्ट अटैक

## सीएफएसकर्मी राहुल नें सीपीआर दे बचाई जान



एनएनआई

**आगरा।** दीवानी परिसर में अपनें मामलें की पैरवी हेतु आयें बुजुर्ग को अचानक हार्ट अटैक आनें पर दीवानी परिसर की सुरक्षा में तैनात एस एसएफ कें जवान राहुल सारस्वत नें बुजुर्ग को तुरंत सीपीआर दे उनकीं जान बचाई। होश में आनें पर बुजुर्ग नें जवान को आशीर्वाद दिया।

मामलें कें अनुसार एकबुजुर्ग अपनें मामलें की पैरवी हेतु दीवानी परिसर स्थित अधिवक्ता कें चेंबर पर आयें थे। अचानक सीने में तेज दर्द एवं पसीनें से लथपथ हो बेहोश हो ,गिर पड़े जिससें अधिवक्ता कें चेंबर पर हड़कम्प मच गया। सबके हाथ पांव फूल गये। तभी दीवानी परिसर की सुरक्षा में तैनात एसएसएफ जवान राहुल सारस्वत की बुजुर्ग की हालत पर नजर पड़ने पर उन्होंने बुजुर्ग को तुरंत तख्त पर लिटा सीपीआर दिया। जिससें बुजुर्ग की टूटी सांस वापस लौटने से बुजुर्ग की जान बच गयी। राहुल सारस्वत का साथ महिला पुलिसकर्मी उमा भारती नें बखूबी निभाया। उन्होनें बुजुर्ग को पानी आदि पिला एंबुलेंस मंगा उन्हें अस्पताल भिजवाया। बुजुर्ग नें जान बचनें पर उन्हें खूब आशीर्वाद दिया।



## कार्यशाला में दिया प्रशिक्षण

**आगरा एनएनआई।** विवि के गृह विज्ञान संस्थान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें एक्सपर्ट नरेंद्र सोलंकी द्वारा एमडीएफ बोर्ड पर क्ले द्वारा नेम प्लेट, लिप्पन आर्ट की रिंग बनाना सिखाया एवं विभिन्न प्रकार की रंगोली तैयार करना सिखाया गया। कार्यशाला का आयोजन संस्थान की निर्देशिका प्रोफेसर अचला गखर के निर्देशन में डॉक्टर ममता सारस्वत के द्वारा किया गया। प्रोफेसर अर्चना सिंह द्वारा छात्रों की कलाकृतियों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर संस्थान की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# चैंबर में धर्मपाल विद्यार्थी स्मृति व्याख्यान माला 23 को



एनएनआई

**आगरा।** नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स द्वारा धर्मपाल विद्यार्थी स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन 23 मार्च को होटल क्लार्क्स शिराज में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। इस अवसर पर दस विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों का भी सम्मान किया जाएगा।

जीवनी मंडी स्थित चैंबर भवन में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में चैंबर पदाधिकारियों ने यह जानकारी दी। अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने बताया कि दोपहर एक बजे से प्रस्तावित इस समारोह के विशिष्ट अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल, सांसद राजकुमार चाहर, सांसद रामजीलाल सुमन और राज्यसभा सदस्य नवीन जैन होंगे।

कार्यक्रम समिति के चेयरमैन मनीष अग्रवाल ने बताया कि इस व्याख्यान माला की शुरूआत वर्ष 2011 में की गई थी, पांचवां समारोह इस वर्ष आयोजित किया जा रहा है।इस दौरान इंडस्ट्रीज एंड बिजनेस, कांच सेरेमिक निमार्ता, हस्तकला, प्रिंटिंग एंड पब्लिकेशन, फुटवियर एंड लैदर, इंजीनियरिंग, रियल एस्टेट, चिकित्सा, आईएएस-पीसीइस समाजसेवा और शिक्षा क्षेत्र की विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम संयोजक शलभ शर्मा, उपाध्यक्षद्वय मनोज गुप्ता और अम्बा प्रसाद गर्ग, कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल, नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय गोयल, पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार सिंघल, योगेश जिन्दल, गिरीश चन्द गोयल उपस्थित रहे।

# पर्यटन व्यवसायियों ने किया महानगर अध्यक्ष का स्वागत






एनएनआई

**आगरा।** पर्यटन व्यवसाय से जुड़े सभी व्यापारियों एवं कैट व्यापारिक संगठन के पाधिकारियों ने गुरमीत कालरा (स्वीटी कालरा) के प्रतिष्ठान 'द आर्ट एम्पोरियो' पर भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता का भव्य ओर दिव्य स्वागत किया साथ में छावनी विधानसभा के विधायक डॉ एस धर्मेश का भी अभिनंदन किया गया।

स्वीटी कालरा के निर्देशन में प्रहलाद अग्रवाल, संजय अरोरा,स ोनू कक्कड़, रोहित कत्याल, पंकज सचदेवा, संजय ढींगरा, चंद्रवीर फौजदार, राजकुमार घई, संदीप अरोरा आदि ने ढोल-ताशो पुष्प माला, पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया। राधा कृष्ण के स्वरूपों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए और फूलों की होली खेली गई। राजकुमार गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि शहर भर में हो जगह जगह हर वर्ग,हर कॉलोनी,मार्केट में हो रहे स्वागत ,सभी कार्यकर्ताओ द्वारा दिए जा रहे मान सम्मान से मैं अभिभूत हूं।

## सौम्या बनी सेना में लेफ्टिनेंट

एनएनआई

**आगरा।** शहर की बेटी सौम्या कटारा को ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) चेन्नई में पासिंग आउट परेड (पीओपी) के दौरान लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्हें जैग (खअग्र) ब्रांच में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन दिया गया है।

लेफ्टिनेंट सौम्या ने अपनी स्कूली शिक्षा डीपीएस आगरा से प्राप्त की। वह इंदिरापुरम निवासी और डीपीएस में ही राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता गिरिजा शंकर कटारा और आई पास (डवलपमेंट फाउंडेशन) में सीनियर कोआर्डिनेटर सुमन कटारा की सुपुत्री है।



## खाटू श्याम भजन संध्या में भी पहुंचे

शिवाजी मंडल में आयोजित खाटू श्याम जी भजन संध्या के कार्यक्रम में भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष ने उपस्थित रहकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान भाजपा महानगर उपाध्यक्ष मुनेंद्र जादौन, भाजपा नेता अनिल सारस्वत, रवि सारस्वत, प्रशांत मिश्रा एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सूरज की पत्नी को मिलें एक करोड़ और सरकारी नौकरी

## क्षत्रीय करणी सेना ने मृतक के घर पहुंच उठाई मांग

एनएनआई

**बाह।** क्षत्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेन्द्र राणा के बाह कूच के ऐलान के बाद हरकत में आई पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौसिंगी पहुंचे ओकेन्द्र राणा ने कहा सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो। सरकार मृतक के परिवार को एक करोड़ की सहायता दे, पत्नी को सरकारी नौकरी दे। मांगें पूरी न होने तक उनका संगठन चुप नहीं बैठेगा। 12 मार्च को चौसिंगी गांव के सूरज जादौन (28) की मौत हुई थी। परिजनों ने घेर कर हत्या किए जाने का आरोप लगा कर 13 मार्च को आगरा इटावा स्टेट हाइवे 5 घंटे जाम किया था। तब कहीं जाकर पुलिस ने सूरज जादौन की पत्नी नीरू की तहरीर पर खोड़ के अजयराज सिंह, आशीष, प्रशांत तथा नगपुरा के विपिन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। नीरू ने पुलिस को बताया था कि पति सूरज सिंह जादौन, अपने साथी भदरौली के रिंकू, कल्यानपुरा के हरीचरन, अर्जुनपुरा के सौरभ, रैपुरा भदौरिया के आकाश सिंह अपनी बाइक से बटेश्वर दर्शन को गये थे। खांद पर खोड़ के अजयराज सिंह, आशीष, प्रशांत तथा नगपुरा के विपिन ने लाठी, डंडा, सरिया, लोहे के पाइप और हॉकी से बुरी तरह से पीटा था। जिससे पति की मौत हो गई।



8 दिन बाद भी हत्यारोपियों की गिरफ्तारी न होने पर क्षत्रीय कर्णी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेन्द्र राना ने सोशल मीडिया पोस्ट कर 21 मार्च को बाह कूच का ऐलान किया था। परिजनों को ढांढ़स बंधाने के बाद उन्होंने सूरज जादौन की पत्नी को सरकारी नौकरी एवं परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता की मांग की। मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। अपनी ओर से भी 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। अभी तक सभी आरोपी गिरफ्तार न किए जाने पर पुलिस की शिथिल कार्रवाई पर नाराजगी जताई। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

### एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

एसीपी बाह द्रविड़ कुमार सिंह ने बताया कि सूरज जादौन के हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को पुलिस की 4 टीमें लगी हैं। एक टीम ने हत्यारोपी खोड़ गांव के प्रशांत को रुनकता में फरह पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उसे हत्या के आरोप में जेल भेज दिया है। उन्होंने बताया कि एक और आरोपी के करीब पुलिस पहुंच गई है। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है।

# फायरिंग करने वालों के खिलाफ 24 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं

एनएनआई

**अछनेरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र अंतर्गत गांव साधन में गुरुवार देर शाम कुछ लोगों ने विजय सिंह को जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायरिंग की जिसमें विजय सिंह ने भाग कर अपनी जान बचाई लेकिन गांव में कई राउंड फायरिंग से दहशत फैल गई है।पीड़ित ने आरोप लगाया कि हमलावर ने उसे जान से मारने की नीयत से गोली चलाई। पीड़ित ने थाना अछनेरा में रात करीब 9 बजे लिखित शिकायत की लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

बताया गया कि शाम करीब 7 बजे विजय सिंह किसी कार्य से गांव के तिराहे पर गया था पहले से घात लगाए बैठे बलवीर, फूलसिंह, अजित एवं विजेंद्र ने मुझे घेर लिया जिसमें मेरे बेटे को बुलाने की बात कही और बेटे को जान से मारने की खाने लगे तो उनके चंगुल से भागने लगा तो मेरे ऊपर कई राउंड फायरिंग कर दी जिसमें में बाल बाल बच गया।मैने घटना की सूचना डायल 112 पर कॉल कर दी और थाना पुलिस को भी दूरभाष पर जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुँची, लेकिन आरोपी फरार हो गए लेकिन मैने




विगत 16 मार्च को भी इन हमलावरों के खिलाफ शिकायत पहले भी दी थी लेकिन में शिकायत का पहले एवं विगत दिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। पीड़ित थाने पर कई चक्कर लगा चुका लेकिन 24 घंटे बाद भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। उपनिरीक्षक से संपर्क किए जाने पर फायरिंग की घटना से इनकार किया। वहीं, पीड़ित विजय सिंह का आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। घटनास्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक उनकी जांच जरूरी नहीं की। कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया हैं।

आरोपी को हिरासत में लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।
**गौरव सिंह, एसीपी अछनेरा**

# शराब ठेके से चोरी का किया प्रयास, सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर

**पिनाहट** एनएनआई। थाना बसई अरेला क्षेत्र के मानिकपुरा में गुरुवार की देर रात्रि अज्ञात चोरों ने शराब ठेके से चोरी करने का प्रयास किया वही वारदात को अंजाम देने से पहले ही मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। दुकान के अंदर सो रहे युवक के खांसने की आवाज सुनकर चोर भाग गये। ठेका स्वामी के द्वारा दी गई सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं। ठेका मालिक शांति स्वरूप ने बताया गुरुवार देर रात लगभग एक बजे सफेद स्कॉर्पियो में लगभग पांच अज्ञात लोग सवार थे। जिन्होंने गाड़ी से उतरकर शराब के ठेके के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को विपरीत दिशा में घुमा दिया जिससे आसानी से चोरी कर सकें। फिलहाल थाने में तहरीर नहीं दी गई है।




# कलश यात्रा पर मधुमक्खियां का हमला, आधा दर्जन घायल

**पिनाहट** एनएनआई। ब्लॉक क्षेत्र के गांव करकोली में भागवत कथा की कलश यात्रा के दौरान अचानक मधुमक्खियां ने कलश यात्रा में शामिल लोगों पर हमला बोल दिया। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। मधुमक्खियां के डंक से आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार करकौली निवासी सुरेंद्र सिंह के यहां भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को भागवत कथा आयोजन की कलश यात्रा निकल जा रही थी। तभी अचानक मधुमक्खियां के झुंड ने कलश यात्रा में शामिल लोगों पर हमला बोल दिया। जिसके कारण कलश यात्रा में शामिल लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मधुमक्खियां से बचाव के लिए लोगों ने इधर-उधर दौड़ लगा दी। मधुमक्खियां ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को डंक मार दिया जिससे वह घायल हो गए। किसी तरह चुपके-छुपाते लोगों ने अपनी जान बचाई। मधुमक्खियां के डंक से घायल मंगल सिंह, हरेंद्र सिंह, लाल बहादुर सहित आधा दर्जन लोगों को इलाज के लिए सीएचसी केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चिकित्सकों द्वारा किया गया।

# अकोला में गिरासू खम्भा न बन जाए मुसीबत

**कागारौल** एनएनआई। कस्बा अकोला के बीचो-बीच बाजार में लगभग 4 महीने से नीचे से टूटा हुआ खम्बा गिरासू लटक रहा है। जो कि ऊपर बंधे हुए तारों से सधा हुआ है। कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी रोजाना यहां से निकलते हैं, लेकिन उन्हें यह खम्बा दिखाई नहीं देता। विद्युत विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी किसी हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं। जबकि विभागीय के अधिकारियों को प्रधान प्रतिनिधि डॉक्टर गंभीर सिंह चाहर तथा अन्य बरिष्ठ नागरिकों द्वारा अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अधिकारियों के कान पर जूं नहीं रैंग रही। क्षेत्रीय नागरिकों भाजपा नेता अशोक लावानियां, अरुण कान्त लवानियां, प्रभात चाहर,सोनवीर सिंह उर्फ सोनू, जुगल किशोर, अवधेश कुमार, अमल कुमार आदि ने विद्युत विभाग से इस खंबे को अभिलंब बदलवाने की मांग की है। क्षेत्रीय नागरिक ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते खंबा नहीं बदल गया तो उन्हें मजबूर होकर धरना, प्रदर्शन आदि के लिए वाद्य होना पड़ सकता है। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं प्रशासन की होगी।



# दोबारा जिलाध्यक्ष बनने पर गोपाल कुलश्रेष्ठ को किया सम्मानित

**मैनपुरी** एनएनआई। पार्टी हाईकमान ने गोपाल कुलश्रेष्ठ को जिला कांग्रेस कमेटी का दूसरी बार अध्यक्ष नियुक्त किया है। शुक्रवार को शहर स्थित उनके आवास पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ का समाजसेविका आराधना गुप्ता ने पुष्प भेंट कर व प्रदेश उपाध्यक्ष, जर्नलिस्ट एंड मीडिया एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश रूप सिंह ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया। गोपाल कुलश्रेष्ठ राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के करीबी माने जाते हैं। इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोपाल कुलश्रेष्ठ ने पार्टी के शीर्षनेतृत्व सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अजीत यादव, पीसीसी सदस्य अजय दुबे , अमित जौहरी, सेलू छाछा, भैया लाल गुप्ता, अभिलाख सिंह यादव, अरविंद यादव,आदि लोग मौजूद रहे।

# विकास खण्ड बाह परिसर में ट्राई साइकिल पा कर मुस्कराए दिव्यांग

एनएनआई

**बाह।** विकास खंड बाह परिसर में शुक्रवार को 36 दिव्यांगों को साइकिल मिली तो मुस्कराए बिना नहीं रहे। आने जाने की समस्या के समाधान पर उन्होंने बाह के ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान का आभार जताया।

ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सरकार दिव्यांगों की सहूलियत के लिए उपकरणों के साथ ही पेंशन भी दे रही है। उन्होंने मौके पर मिली दिव्यांगों की समस्याओं का संबंधित पटल के माध्यम से समाधान कराया। जिला दिव्यांग जन अधिकारी ज्ञान देवी ने दिव्यांगों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी देकर लोगों से लाभ उठाने का आहवान किया। इस दौरान खंड विकास अधिकारी नीरज तिवारी, एडीओ पंचायत नरेश सिंघल, सहायक विकास अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह, रतेन्द्र कुमार, नवल मोहनिया, धीरज सिंह, जयपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



## संपादकीय

# आसान नही रूस-यूक्रेन युद्ध का हल



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन के बीच हुई फोन वार्ता का सार है कि रूस- यूक्रेन युद्ध को खत्म करने का रास्ता आसान नहीं है। इस बातचीत से ट्रंप का ये भ्रम जरूर टूट गया होगा कि उनके एक फोन से पुतिन युद्ध रोकने को तैयार हो जाएंगे। उलटे पुतिन उन्हें अपनी इस मांग पर राजी करने में कामयाब हो गए कि मुद्दा युद्धविराम का नहीं, बल्कि शांति के विस्तृत समझौते का है। सीमित युद्धविराम पर सहमति के बाद शांति की बढ़ी हुई उम्मीदों के बीच दोनों ही पक्ष अपना रुख और कड़ा करते हुए दिख रहे हैं। जहां रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने स्थायी युद्धविराम के लिए यूक्रेन को मिलने वाली हर तरह की बाहरी सहायता पर पूर्ण रोक और उसे नैटो सदस्यता न देने की प्रतिबद्धता की शर्तें रख दी हैं। यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष ही इस बात को लेकर है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेना चाहता है। नाटो पश्चिमी देशों का संगठन है और यूक्रेन अब भी उस पाले में शामिल रहने की जिद पर है। इसलिए जब ट्रंप ने अमेरिकी मदद बंद करने की घोषणा की, तो यूक्रेन ने अन्य पश्चिमी देशों से मदद पाने की कोशिश शुरू कर दी। वे अब भी यूक्रेन के साथ खड़े हैं। इसलिए रूस ने यूक्रेन की जड़ों पर प्रहार करने की शर्त रख दी है। रूस का कहना है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को इसके लिए सैन्य और खुफिया सूचनाएं उपलब्ध कराना पूरी तरह बंद करना होगा। वहीं यूक्रेन कह रहा है कि वह अपनी संप्रभुता को लेकर कोई सौदेबाजी नहीं करेगा और रूस को उसकी कब्जा की गई जमीन वापस करनी होगी।निश्चित रूप से पूर्ण युद्धविराम की ओर ले जाने वाली आगे की राह मुश्किलों से भरी है। यूक्रेन की कुल भूमि का करीब पांचवां हिस्सा रूस के कब्जे में है। क्या रूस यह जमीन लौटा देगा? न लौटाने पर क्या यूक्रेन इस जमीन पर अपना दावा छोड़ देगा? दोनों में से कोई विकल्प आसान नहीं, लेकिन याद रखना होगा कि विश्व बैंक के मुताबिक तीन साल से चल रहे इस युद्ध में अकेले यूक्रेन को 152 बिलियन डॉलर यानी करीब 13 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। हालांकि पुतिन इस बात के लिए राजी हो गए कि रूस तीस दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिकी प्रशासन इसे ट्रंप की बड़ी उपलब्धि बता रहा है। जबकि माना जा रहा था कि यूक्रेनी राष्ट्रपति को जिस तरह ट्रंप ने फटकार लगाई और यूक्रेन पर शिकंजा कसा है, उससे रूस बहुत आसानी से ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेगा। मगर ऐसा हो न सका। यूरोपीय देश यूक्रेन के पलड़े का वजन बढ़ाने की कोशिश में अभी भी लगे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत में यह बात दोहराई कि स्थायी और न्यायपूर्ण शांति सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन की स्थिति को अधिकाधिक मजबूती देने की जरूरत है। दोनों नेताओं के बीच हुई इस लंबी बातचीत को एक बड़ी उपलब्धि इस अर्थ में माना जा सकता है कि पिछले तीन वर्षों से पश्चिमी देशों से बिल्कुल अलग-थलग पड़े रहे और उसके पहले तनावपूर्ण रिश्तों के बाद रूस की उनसे सीधी बातचीत संभव हो सकी है।पुतिन मंजे हुए राजनेता हैं और वे ऐसे मामलों में बिल्कुल हड़बड़ी नहीं दिखाते। वे उस तरह अमेरिका के किसी दबाव में भी नहीं हैं, जिस तरह यूक्रेनी राष्ट्रपति हैं। फिर, उन्हें इस बात का भरोसा नहीं है कि अमेरिका कब तक अपने ताजा रुख पर कायम रह सकेगा। इसलिए वे जल्दबाजी में किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहते।हालांकि माना जा रहा है कि ट्रंप की पुतिन से बातचीत युद्ध विराम की दिशा में पहला कदम है और इसके बेहतर नतीजे निकलेंगे। दरअसल, ट्रंप की नजर यूक्रेन के खनिज संपन्न इलाकों पर है और वे उन पर कब्जा करना चाहते हैं। रूस उन क्षेत्रों में अमेरिका की पैठ पर सहमति दे चुका है, पर इसके लिए युद्ध विराम जरूरी है। ट्रंप इसके लिए क्या रास्ता निकालते हैं, देखने की बात है। मगर अमेरिका के लिए रूस की शर्तों को मानना आसान नहीं होगा। वह नाटो के दूसरे सदस्य देशों पर कैसे दबाव बना सकता है कि वे यूक्रेन को सैन्य और खुफिया जानकारियां उपलब्ध कराने पर पूरी तरह रोक लगा दें। यह एक तरह से रूस के सामने समर्पण करने जैसा होगा।

---

भारत एक ऐसा देश है, जहां सैकड़ों भाषाएं और बोलियां बोली जाती हैं। इस भाषायी विविधता को बनाए रखना और उसे समाज के हर वर्ग के लिए लाभकारी बनाना एक बड़ी चुनौती है। भाषा सिर्फ संवाद का साधन नहीं, बल्कि संस्कृति, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक समरसता से भी जुड़ी हुई है। ऐसे में त्रिभाषा फामूर्ला एक ऐसा संतुलित समाधान है, जो व्यक्ति के व्यक्तिगत विकास, क्षेत्रीय जुड़ाव और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए आवश्यक है। यह फामूर्ला मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषा और एक करियर-उन्मुख भाषा को प्राथमिकता देता है, जिससे हर नागरिक भाषायी समावेशिता का हिस्सा बन सके।

# त्रिभाषा फार्मूले पर सकारात्मक भी सोचिए



(डॉ. अनिल दीक्षित)



राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस त्रिभाषा फामूर्ले का जिक्र है। और इस पर तमिलनाडु की द्रमुक सरकार को आपत्ति है। द्रमुक का कहना है, 'यह दक्षिणी राज्यों पर हिंदी थोपने का प्रयास है। इसकी आड़ में केंद्र ने तमिलनाडु का शिक्षा मद का काफी पैसा रोक दिया है।' हालांकि सभी दक्षिणी राज्यों में विरोध नहीं है, आंध्र प्रदेश ने समर्थन किया है। विवादों से इतर यदि एक सकारात्मक सोच रखी जाए तो, कुछ अपेक्षाएं गलत नहीं।किसी भी व्यक्ति की प्रारंभिक शिक्षा उसकी मातृभाषा में होना सबसे प्रभावी माना जाता है। मनोवैज्ञानिक शोध बताते हैं कि बच्चे जिस भाषा में सोचते और समझते हैं, उसी में उनका सीखने की गति सबसे अधिक होती है। मातृभाषा में शिक्षा न केवल बच्चे के बौद्धिक विकास को तेज करती है, बल्कि उसमें आत्मविश्वास और संप्रेषण कौशल को भी बेहतर बनाती है। कई विकसित देशों में प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में देने पर जोर दिया जाता है, जिससे ज्ञान का अधिकतम विस्तार संभव हो सके। भारत में भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (ठएढ) 2020 इस बात पर बल देती है कि बच्चों को कक्षा पाँच तक उनकी मातृभाषा में पढ़ाया जाए, ताकि वे विषयों को बेहतर समझ सकें। त्रिभाषा फामूर्ला यह सुनिश्चित करता है कि व्यक्ति अपनी मातृभाषा के साथ-साथ उस राज्य या क्षेत्र की भाषा भी सीखें, जहां वे निवास कर रहे हैं। यह पहल सामाजिक समरसता को बढ़ाने में सहायक होती है। यदि कोई व्यक्ति किसी दूसरे राज्य में जाकर बसता है, तो वहां की भाषा सीखना उसे स्थानीय संस्कृति और समाज से जोड़ने में मदद करेगा। उदाहरण के लिए, अगर कोई उत्तर भारतीय तमिलनाडु में जाकर काम करता है और तमिल भाषा सीखता है, तो उसे स्थानीय लोगों के साथ घुलने-मिलने और व्यावसायिक अवसरों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इसी तरह, अगर कोई दक्षिण भारतीय हिंदी भाषी क्षेत्र में जाकर नौकरी करता है, तो हिंदी सीखकर वह अधिक सहजता से संवाद कर सकता है। इससे क्षेत्रीय मतभेद भी कम होते हैं और विभिन्न भाषाओं के प्रति सम्मान और सहिष्णुता विकसित होती है।




आज के वैश्वीकरण के दौर में एक अंतरराष्ट्रीय भाषा का ज्ञान व्यक्ति के करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करता है। त्रिभाषा फामूर्ला इस बात को भी ध्यान में रखता है कि व्यक्ति को अंग्रेजी या कोई अन्य वैश्विक भाषा सीखने का अवसर मिले। विशेष रूप से तकनीकी, चिकित्सा, अनुसंधान, व्यापार और प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में अंग्रेजी का उपयोग व्यापक रूप से किया जाता है। इसलिए, अंग्रेजी या अन्य महत्वपूर्ण भाषाओं का ज्ञान व्यक्ति को अधिक अवसर प्रदान करता है और उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करता है। त्रिभाषा फामूर्ला केवल शिक्षा और रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के बीच संवाद की बाधा को भी कम करता है। जब लोग विभिन्न भाषाओं को सीखते और समझते हैं, तो यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है और क्षेत्रीय मतभेदों को कम करता है। भारत में विभिन्न राज्यों के लोग अक्सर भाषा की दीवारों के कारण एक-दूसरे से कटे हुए महसूस करते हैं। यदि उत्तर भारतीय लोग तमिल, कन्नड़ या मलयालम सीखें और दक्षिण भारतीय लोग हिंदी, मराठी या पंजाबी को समझें, तो यह न केवल सौहार्द को बढ़ाएगा, बल्कि आपसी विश्वास और सहयोग को भी मजबूत करेगा।

भारत जैसे विशाल और बहुभाषी देश में भाषा को एकता और विकास का माध्यम बनाने की जरूरत है, न कि विवाद का कारण। भाषा को लेकर अनावश्यक राजनीति करने की बजाय इसे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जुड़ाव का साधन बनाना चाहिए। त्रिभाषा फामूर्ला इस दृष्टि से एक समावेशी समाधान प्रस्तुत करता है, जिससे व्यक्ति अपनी मातृभाषा में सोच सके, क्षेत्रीय भाषा में संवाद कर सके और करियर की भाषा में सफलता प्राप्त कर सके।इस नीति का सही तरीके से क्रियान्वयन किया जाए, तो यह न केवल भाषायी सौहार्द को बढ़ाएगा, बल्कि देश को अधिक समावेशी, शिक्षित और सशक्त बनाने में भी मदद करेगा। जब भारत का हर नागरिक अपनी भाषा की जड़ों से जुड़ा रहेगा, क्षेत्रीय विविधता को अपनाएगा और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होगा, तभी यह नीति अपनी वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकेगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं।)

# तमन्ना-विजय को राशा थडानी ने बताया गॉडफादर

बॉलीवुड की उभरती स्टार राशा थडानी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के साथ अपने करीबी रिश्ते को लेकर खुलासा किया। उन्होंने कहा कि तमन्ना और विजय उनके लिए गॉडपेरेंट्स जैसे हैं, जो हमेशा उनका मार्गदर्शन करते हैं। राशा थडानी, जो बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रही हैं, ने कहा, मैं नहीं जानती कि मैं इनके बिना क्या करती। तमन्ना और विजय सिर्फ मेरे दोस्त नहीं, बल्कि मेरे मेंटर्स भी हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह दोनों स्टार्स हर कदम पर उनका सपोर्ट करते हैं और सही सलाह देते हैं। जहां तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा की जोड़ी इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई है, वहीं इनकी पर्सनल लाइफ और इंडस्ट्री में उनके योगदान की भी चर्चा हो रही है। तमन्ना और विजय को बेहतरीन कलाकारों में गिना जाता है, और दोनों ने हाल के प्रोजेक्ट्स से अपनी अलग पहचान बनाई है। राशा का मानना है कि तमन्ना और विजय का मार्गदर्शन उनकी इंडस्ट्री में सफलता की कुंजी हो सकता है। उन्होंने कहा कि ये दोनों न सिर्फ शानदार कलाकार हैं, बल्कि जमीन से जुड़े इंसान भी हैं, जो नए टैलेंट को आगे बढ़ने में मदद करते हैं। सोशल मीडिया पर राशा के इस बयान के बाद फैंस उनकी और तमन्ना-विजय की बॉन्डिंग की तारीफ कर रहे हैं। कुछ लोग कह रहे हैं कि राशा को बॉलीवुड में अपनी जगह बनाने के लिए सही लोग मिल गए हैं। राशा थडानी जल्द ही अपने नए प्रोजेक्ट्स में नजर आएंगी। वहीं, तमन्ना और विजय भी अपने आने वाले बड़े प्रोजेक्ट्स की तैयारियों में व्यस्त हैं।





# रकुल प्रीत का नजर आया कातिलाना अंदाज

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपने ग्लैमरस अंदाज और स्टाइलिश लुक्स के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी कुछ नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज फैंस को दीवाना बना रहा है। रकुल प्रीत के इस लेटेस्ट फोटोशूट में उनका कॉन्फिडेंस और चार्म देखते ही बन रहा है। फैंस ने उनकी तस्वीरों पर 'गॉर्जियस', 'स्टनिंग', और 'क्वीन' जैसे कमेंट्स की बौछार कर दी। रकुल हमेशा से अपने एलीगेंट फैशन सेंस और एक्सपेरिमेंटल लुक्स के लिए मशहूर रही हैं। उनका यह नया अवतार भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। रकुल प्रीत जल्द ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाली हैं। उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। रकुल का यह ग्लैमरस अंदाज साबित करता है कि वह बॉलीवुड की सबसे स्टाइलिश डीवाज में से एक हैं।

# क्राइम पेट्रोल फेम अनूप सोनी वापस आ रहे

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन अपने सबसे मशहूर क्राइम-बेस्ड शो में से एक, क्राइम पेट्रोल को फिर से शुरू करने जा रहा है। यह नया सीजन 26 सबसे जटिल और मनोरंजक मर्डर मिस्ट्री को दिखाकर दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेगा। अनूप सोनी, जिनकी सम्मोहक कहानी इस शो का पर्याय बन गई है, होस्ट के तौर पर दर्शकों को हर गहन मामले से रूबरू कराने के लिए वापस आ रहे हैं, जिसमें उनकी खास गंभीरता और विश्वसनीयता है। जैसे-जैसे हर मामला परत दर परत खुलता जाता है, क्राइम पेट्रोल का नया सीजन हर मोड़ पर एक सवाल खड़ा करता है - आखिर खून किसने किया? वास्तविक जीवन से प्रेरित मामले जटिल जांच में उलझे रहेंगे, कुछ सबसे खौफनाक अपराधों के पीछे की चौंकाने वाली सच्चाई और अपराधियों को उजागर करेंगे। अनूप ने कहा, क्राइम पेट्रोल अपनी दिलचस्प कहानी के लिए दर्शकों का पसंदीदा शो रहा है। नवीनतम सीजन दर्शकों को बांधे रखने का वादा करता है क्योंकि सस्पेंस बढ़ता जा रहा है। वास्तविक जीवन के मामलों से प्रेरित, प्रत्येक एपिसोड असली अपराधी को उजागर करने के लिए सबसे जटिल हत्या के रहस्यों को सुलझाता है।



**65 दिन 74 मैच**

**केकेआर-आरसीबी के बीच खेला जाएगा पहला मैच**

# आज से शुरू क्रिकेट का उत्सव

**आईपीएल में इस बार कई टीमों के साथ नए कप्तान होंगे तो नए नियम भी लागू होंगे, टीमें भी बदली होंगी और भावनाएं भी अपने चरम पर होंगी, बस आईपीएल की चमक नहीं बदली होगी।**

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग आईपीएल का धूमधड़ाका शनिवार से शुरू हो रहा है। अब 65 दिनों तक चलने वाले क्रिकेट के इस उत्सव में चौके-छक्कों की बरसात होगी और दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट होगी। लीग के 18वें सत्र का पहला मैच शनिवार को कोलकाता के ईडन गॉर्डन में गत विजेता केकेआर और आरसीबी के बीच होगा। इस संस्करण में पुराने सितारे दमखम दिखाने की कोशिश करेंगे, तो कुछ युवा भी अपनी चमक से राष्ट्रीय टीम की दावेदारी दिखाएंगे। तो तैयार हो जाइये...10 टीमों के महामुकाबले के लिए...13 स्टेडियमों में 74 मैचों के बाद 25 मई को नए विजेता का फैसला होगा।

### पहला मैच कोलकाता-बेंगलुरु के बीच

आईपीएल में इस बार कई टीमों के साथ नए कप्तान होंगे तो नए नियम भी लागू होंगे, टीमें भी बदली होंगी और भावनाएं भी अपने चरम पर होंगी, बस आईपीएल की चमक नहीं बदली होगी। इस दौरान 12 डबल हेडर के मुकाबले भी खेले जाएंगे। दिन के मैच दोपहर साढ़े तीन बजे से तो शाम के मुकाबले साढ़े सात बजे से खेले जाएंगे। हालांकि, शनिवार को होने वाले उद्घाटन मुकाबले पर बारिश के साये की आशंका है।



### रिवर्स स्विंग का दिखेगा जलवा

आईपीएल-18 में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लार पर से प्रतिबंध को हटाकर किया गया है। कप्तानों की बैठक में सहमति के बाद गेंदबाज अब आईपीएल में गेंद को चमकाने के लिए लार का प्रयोग कर सकेंगे। कोरोना काल के बाद यह पहला अवसर होगा जब गेंदबाज रिवर्स स्विंग के लिए लार का प्रयोग कर सकेंगे।

### कई नए कप्तान दिखाएंगे दम

इस बार कई टीमें नए कप्तान के साथ खिताबी ताल ठोकेंगी। इनमें चौंकाने वाला नाम आरसीबी के रजत पाटीदार का है। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे, जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है।

### रात के मैचों में बदली जा सकती है गेंद

लार के अलावा अन्य बदले गए नियमों में अंपायर को दूसरी गेंद देने का भी अधिकार होगा। शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद के इस्तेमाल की अनुमति दे सकते हैं। साढ़े तीन बजे से होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीमें ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) का उपयोग कर सकती हैं। हालांकि इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा।

### 13 साल के वैभव पर सबकी नजर

धोनी से ठीक 30 साल छोटे 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। वह राजस्थान रॉयल्स से जुड़े हैं। उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है, यह देखने वाली बात होगी। मुंबई को मुश्ताक अली ट्रॉफी में जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्यांश शेडगे पंजाब के लिए चमक बिखेरेंगे। दिल्ली प्रीमियर लीग में एक ओर में छह छक्के लगाने वाले प्रियांश आर्या भी पंजाब से खेलेंगे।

### धोनी, विराट, रोहित भी बिखेरेंगे चमक

इस बार पुराने धुरंधरों का जलवा भी देखने को मिलेगा। 264 आईपीएल मैच खेलने वाले धोनी चेन्नई की, 252 मैच खेलने वाले विराट आरसीबी और 257 मैच खेलने वाले रोहित शर्मा मुंबई की शोभा बढ़ाएंगे। 185 मैच खेलने वाले रहाणे, 212 मैच खेलने वाले अश्विन, मनीष पांडे (171 मैच) रविंद्र जडेजा (240 मैच) की चमक भी देखने को मिलेगी।

### नए कोच और सहयोगी स्टाफ भी जुड़े

कई टीमों ने कोचिंग और सहयोगी स्टाफ में भी बदलाव किया है। रिकी पोंटिंग दिल्ली को छोड़कर पंजाब में मुख्य कोच बने हैं। हेमांग बदानी को दिल्ली का मुख्य कोच बनाया गया है। पीटरसन दिल्ली के मेंटर बनाए गए हैं। वहीं, राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में राजस्थान लौट आए हैं। ड्वेन ब्रावो केकेआर के मेंटर होंगे। दिनेश कार्तिक आरसीबी के मेंटर बने हैं।

## युवराज डब्ल्यूसीएल सीजन २ में इंडिया चैंपियंस का नेतृत्व करेंगे

**नई दिल्ली।** दिग्गज क्रिकेटर युवराज सिंह ने जुलाई में यूनाइटेड किंगडम में होने वाले वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (WCL) के दूसरे सीजन में अपनी भागीदारी की पुष्टि की है। इस प्रतिष्ठित ऑलराउंडर ने पहले टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण में भारत चैंपियंस को खिताबी जीत दिलाकर असाधारण नेतृत्व का प्रदर्शन किया था। युवराज के साथ अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन भी होंगे, जो पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद टूर्नामेंट में पदार्पण करेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) द्वारा समर्थित टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में फिर से भारत का नेतृत्व करने के बारे में बात करते हुए, युवराज ने कहा, मैं फिर से वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं। टूर्नामेंट के पहले संस्करण में हमारी जीत की यादें, मेरे साथियों के साथ, हमेशा मेरे दिल के करीब रहेंगी। WCL के पिछले संस्करण में युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा, इरफान और यूसुफ पठान और भारत के कई अन्य क्रिकेट दिग्गजों ने यह साबित कर दिया कि खेल के प्रति उनका जुनून पहले की तरह ही मजबूत है। यह टूर्नामेंट जल्द ही वैश्विक सनसनी बन गया, क्योंकि भारतीय प्रशंसकों ने अपने क्रिकेट के आदर्शों को भव्य मंच पर प्रभावशाली प्रदर्शन करते देखा।



## बॉक्सिंग के दिग्गज जॉर्ज फोरमैन का 76 साल की उम्र में निधन



**ह्यूस्टन।** बॉक्सिंग के दिग्गज जॉर्ज फोरमैन, जो इस खेल के सबसे प्रतिष्ठित और प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक थे, का शुक्रवार को 76 साल की उम्र में निधन हो गया, ईएसपीएन के अनुसार, उनके परिवार ने उनके सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए इसकी पुष्टि की। बॉक्सिंग के एक और दिग्गज माइक टायसन ने बॉक्सिंग स्टार को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट किया। जॉर्ज फोरमैन के परिवार के प्रति संवेदना। बॉक्सिंग और उससे परे उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। दो बार के हेवीवेट चैंपियन फोरमैन ने सबसे पहले 1968 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर प्रसिद्धि पाई, उसके बाद वे दो बार के हेवीवेट विश्व चैंपियन और हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए। उनके सबसे यादगार पलों में से एक 1974 में आया जब उन्होंने जैरे में प्रसिद्ध रंबल इन द जंगल में मुहम्मद अली का सामना किया। पसंदीदा होने के बावजूद, फोरमैन को आठवें राउंड में चौंका देने वाली हार का सामना करना पड़ा, जिसे अब तक का सबसे प्रसिद्ध मुक्केबाजी मैच माना जाता है। इस मुकाबले को बाद में ऑस्कर विजेता वृत्तचित्र व्हेन वी वेयर किंग्स में अमर कर दिया गया। अली से हारने के बाद, फोरमैन ने अपना करियर जारी रखा, उल्लेखनीय जीत हासिल की, जिसमें जो फ्रेजियर के खिलाफ पांचवें राउंड में TKO शामिल था, जिसे उन्होंने पहले दो राउंड में हराकर अपना पहला हेवीवेट खिताब जीता था।

## शनिवार, 22 मार्च राशिफल

मेष राशि के जातकों को आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। कारोबार के लिए छोटी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यात्रा पर निकलने से पहले वाहन को अच्छे से चेक कर लें, रास्ते में खराबी हो सकती है। अंत में यात्रा फायदेमंद साबित होगी। परिवार के साथ आज बाहर घूमने जा सकते हैं।

वृषभ राशि के जातक आज अपनी वाणी में मधुरता बनाए रखें। कार्यक्षेत्र या घर में किसी के उकसावे में न आएं, वरना आपको बाद में पछताना पड़ सकता है। आज सौम्य व्यवहार की बदौलत आप सम्मान हासिल करेंगे। जीवनसाथी की मदद से आज आप कोई लाभ हासिल करने में सक्षम होंगे।

मिथुन राशि के जातक आज तनाव न लें। मानसिक रूप से खुद को मजबूत रखने का प्रयास करें। क्रिएटिव काम करने वालों के लिए शनिवार का दिन फायदेमंद रहने वाला है। आज आपकी कला को देखकर कई लोग हैरान होंगे। आज आपको अपने कार्य और समय का प्रबंधन करना होगा।

कर्क राशि के जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको अपने खर्चों का खास ख्याल रखने की जरूरत है। आज कोई आपसे उधार मांगें तो सोच-समझकर ही कर्ज दें। आज आपका धन फंसने की आशंका कम है। आप अपनी आय को देखते हुए ही खर्च करें। परिवार में आज माहौल सामान्य रहेगा।

सिंह राशि के जातकों को आज कारोबार में फायदा हो सकता है। आज आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। अतिरिक्त मुनाफा हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आज कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं। काम का बोझ ज्यादा रह सकता है, लेकिन मेहनत का फल मिलेगा। समय का प्रबंधन करने पर आसानी से काम निपट जाएंगे।

कन्या राशि के जातकों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आज कोई सौदा पूरा हो सकता है। इससे आपको अतिरिक्त मुनाफा कमाने का मौका मिलेगा। आज आपका मन खुश रहेगा। आज किसी भी सहकर्मी से दुर्व्यवहार करने से बचें। आज आपको अपने शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन ठीकठाक रहने वाला है। धार्मिक कार्यक्रमों में आपकी रुचि रहेगी। आप अध्यात्म से जुड़े कार्यों में दान दे सकते हैं। विद्यार्थी वर्ग के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। परिवार में आज आपको जीवनसाथी का हर कदम पर साथ मिलेगा, लेकिन किसी परिचित के व्यवहार से आपका मन व्यथित हो सकता है।

वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। विदेश से भी आपको लाभ मिलने के आसार हैं। आज लंबी दूरी की यात्रा करने का मौका बन सकता है।

धनु राशि के जातकों के लंबे समय से अटके काम आज पूरे हो सकते हैं। इससे आप मन ही मन प्रसन्न रहेंगे। विवाह योग्य जातकों के लिए आज बेहतरीन रिश्ता आ सकता है। परिवार की तरफ से आपको तुरंत मंजूरी मिल सकती है। आज जीवनसाथी के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं।

आज मकर राशि के जातकों को मानसिक तनाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपसे गलतियां हो सकती हैं, जिसकी वजह से आपको सुनना पड़ सकता है। इसलिए जल्दबाजी करने से बचें। अगर आप कहीं निवेश करने के इच्छुक हैं तो विशेषज्ञ की सलाह के बाद ही धन लगाएं। वरना आपको बाद में पछताना पड़ सकता है।

कुंभ राशि के जातकों को आज शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। आज बेवजह की बातों से दूर रहें। विवाद में पड़ने से आपका नुकसान हो सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों का आज मन हल्का हो सकता है। आपको अच्छी खबर मिल सकती है।

मीन राशि के जातक आज परिवार के साथ समय बिताएंगे। अगर घर में किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था तो आज उसका निपटारा हो जाएगा। परिवार में किसी सदस्य की शादी में रुकावट आ रही है तो वरिष्ठ सदस्यों से सलाह ले सकते हैं। कारोबार में आज आप पर काम का बोझ ज्यादा रहेगा। तनाव लेने से बचें।

# गुरुमां पूर्णमति माताजी ससंघ का मंगल प्रवेश, भक्तों ने किया स्वागत

एनएनआई



**आगरा।** आगरा में कंठकोकिला गुरुमां आर्यिकाश्री पूर्णमति माताजी ससंघ का पदार्पण हुआ। गुरु मां के स्वागत को भक्तों का सैलाब दिखा। बेलनगंज, कचहरीघाट, दरेसी, चिम्मनपुरी चौराहा, सदर भट्टी, कलेक्ट्रेट होते हुए नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आर्यिका संघ ने पदार्पण किया। मंगल प्रवेश के दौरान जगह भक्तों ने गुरु मां का पाद प्रक्षालन कर श्रद्धा भाव गुरु मां के चरणों में अर्पित किए। नॉर्थ ईदगाह कॉलोनी स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में हुए आर्यिका संघ के पदार्पण के बाद उन्होंने प्रभु के दर्शन किए और विश्व कल्याण की भावना भाई। मंदिर में हुए मंगल आगमन के बाद मंदिर प्रांगण में विशाल सभा का भी आयोजन किया गया। निर्मल मोठ्या और हीरालाल बैनाड़ा सहित अन्य गणमान्यों ने चित्रा आनवरण किया और बैनाड़ा परिवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। गुरु मां की प्रवचन सभा में आर्यिका श्री ने भक्तों को आदिनाथ प्रभु का जन्मोत्सव मनाने की प्रेरणा दी। संचालन मनोज जैन बाकलीवाल ने किया। भक्तों ने आचार्यश्री का पूजन करते हुए अर्घ्य अर्पित किए और स्वकल्याण की भावना भाई। इस अवसर पर राजेश जैन सेठी, अशोक जैन, अखिल जैन, निर्मल जैन मोठ्या, अमित जैन, राजकुमार गुड्डू, जगदीश प्रसाद जैन, राकेश जैन, नरेश जैन, अनिल जैन, मीडिया प्रभारी शुभम जैन, बीना बैनाड़ा, उमा जैन समस्त नॉर्थ ईदगाह सकल जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

# दाऊजी महाराज की शोभायात्रा पर बरसे पुष्प, नाचे भक्त



**आगरा** (एनएनआई)। प्राचीन श्री दाऊजी मंदिर बेलनगंज चौराहा से श्री कृष्ण बलदाऊ जी का फूल डोला शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। भक्तों को दर्शन देने घोड़ों के रथ पर सवार ब्रज के राजा श्रीकृष्ण बलदाऊ जी महाराज , श्रीगणेश, राम दरबार, शिव पार्वती की झांकियों के साथ भ्रमण पर निकले। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह आरती कर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया मोहन बैंड के कलाकारों द्वारा भक्ति गीतों की मधुर धुन के साथ भक्त नाचते चल रहे थे।

शोभा यात्रा बेलनगंज कचहरी घाट,छत्ता बाजार दरेसी बाजार रावत पाड़ा पीपल मंडी कालामहल गुदड़ी धूलियागंज पहुंचीं। मंदिर पहुंचते ही विशाल आरती के साथ सभी नगर वासियों ने भोग प्रसादी का आनंद लिया। इस दौरान बंशी पंडित, चौ. अखिल यादव, समाज सेवी श्याम भोजवानी, दीपक खरे, दीपक ढल, संदीप तिवारी, कश्यप मिश्रा , राजेश शर्मा, हरीश चंद शर्मा, सौरभ शर्मा, यतेंद्र जीतू, बिपुल तिवारी, शिवम यदुवंशी, पुनीत, राहुल, अविनाश खरे, मुन्नालाल खाटू श्याम, अनिल जैन, अश्वनी शर्मा, संजीव यादव, रश्मि, चंचल, वैभवी, इंदु, पिंकी, मोना, शुभी, रिद्धि सिद्धि आदि मौजूद रहे।

